News Clips:-

सुंदरनगर के तीन एनसीसी कैडेट्स का जलवा

देहरादून में होने वाले एडवांस्ड लीडरशिप कैंप के लिए चयन, अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

स्टाफ रिपोर्टर- सुंदरनगर

राजकीय बहुतकनीकी सुंदरनगर के के तीन एनसीसी कैडेट्स अंडर ऑफिसर माधवी ठाकुर, कैडेट अमीश चौधरी और कैडेट आयुष शर्मा को एडवांस्ड लीडरशिप कैंप के लिए चयनित किया गया है। कैंप देहरादून में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट परमानंद शर्मा ने बताया कि तीन एनसीसी डायरेक्टरेट पीएचएचपी एंड सीएच, उत्तराखंड, जम्मू- कश्मीर के कैडेट्स भाग लेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले बहुतकनीकी सुंदरनगर से पांच कैडेट्स ने बेसिक लीडरशिप कैंप में भाग लिया था। जिसे एनसीसी अकॅडमी मलोट, पंजाब में लुधियाना ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें पंजाब हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ डायरेक्टरेट के आठ अलग-अलग ग्रुप के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। बेसिक लीडरशिप कैंप के दौरान बहुत सी गतिविधियां करवाई गई। जिसमें ग्रुप डिस्कशन सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिबेट, स्पोर्ट्स कंपटीशन और इन सब गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को एडवांस लीडरशिप कैंप के लिए चयनित किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. चंद्रशेखर ने बताया कि इस संस्थान में एनसीसी वर्ष 1962 से है और इस संस्थान के कैंडेट्स सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। हर वर्ष इस संस्थान के कैडेट्स अलग अलग कैंपों में भाग लेने के साथ साथ कई कैडेट्स भारतीय सेना में भी अपना कैरियर बनाते हैं जो कि संस्थान के लिए गर्व की बात हैं। प्रधानाचार्य ई. चंद्रशेखर और एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट परमानंद शर्मा ने तीनों कैडेट्स को चयनित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।